epaper हिन्दुस्तान

गंगा एक्सप्रेस वे के लिए मिले 695 करोड़

27/05/2022

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। योगी सरकार के बजट में पश्चिमी उत्तर प्रदेश का भी पूरा ख्याल रखा गया है। गंगा एक्सप्रेसवे के जमीन खरीद ली गई है। गंगा एक्सप्रेसवे के लिए 695 करोड़ रुपये रखे गए है। सभी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाएगा। इसके लिए पहले चरण में 500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

गन्ना किसानों के भुगतान के लिए एक हजार करोड़ रुपये का इंतजाम है, वहीं कई अन्य योजनाओं के लिए भी रकम का इंतजाम किया गया है।

सेफ सिटी योजना के तहत 523.34 करोड़ रुपये का प्रावधान। योजना में पश्चिमी यूपी के दो जिले आगरा और गौतमबुद्धनगर भी शामिल।

मेरठ में निर्माणाधीन मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपये का प्रावधान। स्थापना पर कुल 700 करोड़ रुपये का व्यय प्रस्तावित है।

- नागरिक उड्डयन विभाग की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के तहत आने वाले दिनों में अलीगढ़, सहारनपुर व मेरठ से भी हवाई सेवा शुरू करने की घोषणा।
- आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए 597 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के लिए बजट में 1306 करोड़ रुपये का प्रावधान।

पश्चिमी यूपी

3000 लीटर क्षमता का नवीन डेरी प्लांट मथुरा में बनेगा

1700 करोड़ रुपये दो मंडलों में भ्रष्टाचार निवारण इकाई के लिए

79.82 करोड़ रुपये मेरठ,वाराणसी में डेरी प्लांट के लिए